# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## नवम्बर-दिसम्बर, 2006 सत्र

### बुधवार, दिनांक 22 नवम्बर, 2006

### तारांकित प्रश्नोत्तर

वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा फर्मों में छापे की कार्यवाही

1. (*क्र. 217) **श्री शिव कुमार डहरिया :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा 2005-06 में कर अपवंचन की सूचना के आधार पर रायपुर में कितने दवा व उपकरण के व्यवसायी, जो शासकीय विभागों में आपूर्ति का कार्य करते हैं, के यहां छापे की कार्यवाही की गई ? (ख) उक्त छापे में क्या-क्या अनियमितता पाई गई एवं उन व्यवसायियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 6 व्यवसाईयों के यहां (ख) छापे में करयोग्य दवाओं को करमुक्त (जीवन रक्षक) दर्शाए जाने, करयोग्य दवाओं/उपकरणों को ''हाई सी सेल'' (देश के बाहर से आयात के अनुक्रम में विक्रय) दर्शाए जाने तथा श.पत्रीय विभागों को की गई वास्तविक आपूर्ति की राशि का जमा खर्च लेखा पुस्तकों में न किए जाने से कर अपवंचन संबंधी अनियमितताएं पायी गई. व्यवसाइयों के विरुद्ध कार्यवाही की जाकर, कर अपवंचन के विरुद्ध रुपये 93.45 लाख राशि जमा कराई गई.

रायपुर जिला अंतर्गत आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की वापसी

2. (*क्र. 189) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिला अंतर्गत आबकारी अधिनियम की धारा 34 से संबंधित कितने प्रकरण 31-10-06 की स्थिति में न्यायालयों में लंबित हैं तथा कितने प्रकरण वापस लिए गए हैं ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : 2812 प्रकरण. वर्तमान में किसी भी प्रकरण को वापस नहीं लिया गया है.

सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत ''नाईट सेन्टर'' का संचालन

3. (*क्र. 283) **श्री चैतराम साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के विकासखण्ड भाटापारा /सिमगा में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत ''नाईट सेन्टर'' कब-कब से व कहां-कहां संचालित हैं, लाभान्वित छात्रों की संख्या सहित जानकारी देवें ? (ख) उक्त सेंटर हेतु छ.ग. शासन एवं केन्द्र शासन से कब-कब कितनी-कितनी राशि किस-किस मद में प्राप्त हुई है ? (ग) प्रश्नांक ''ख'' में प्राप्त राशि से क्या-क्या सामग्री (नाम सहित) कब-कब किस फर्म से किस दर (प्रति नग) से क्रय की गई है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) रायपुर जिले के विकासखंड भाटापारा में दिनांक 06-07-2006 से शासकीय प्राथमिक शाला गुरुनानक वार्ड भाटापारा में ''नाईट सेन्टर'' संचालित है. जिसमें छात्रों की संख्या 50 है. (ख) छत्तीसगढ़ शासन एवं केन्द्र शासन से राशि ''नाईट सेन्टर'' को सीधे प्राप्त नहीं होती. जिले द्वारा रुपए 2.490 लाख ''नाईट सेन्टर'' को दिए गए हैं. जानकारी * संलग्न प्रपत्र-अ पर है. (ग) जानकारी * संलग्न प्रपत्र-ब पर है.

---

* परिशिष्ट ''एक''

स्कूली बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण

4. ( *क्र. 145 ) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शैक्षणिक सत्र 2006-07 में स्कूली बच्चों को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया है ? अगर हां तो, कितने बच्चों को और कितनी राशि का ? (ख) गणवेश वितरण कब प्रारम्भ हुआ और कब तक इसका वितरण किया गया है ? क्या गणवेश वितरण में विलंब हुआ ? यदि हां, तो क्यों ? (ग) गणवेश में गुणवत्ता की शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कोई जांच कराई गई है ? अगर हां, तो क्या ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेधाराम साहू ) : (क) जी हां. 5,35,950 छात्राओं को रुपए 8,46,80,100/- का गणवेश वितरण किया गया. (ख) गणवेश वितरण माह जून, 2006 से प्रारम्भ हुआ. वितरण जारी है. विलम्ब नहीं हुआ, बल्कि प्रदाय अनुसार वितरण किया गया. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या

5. ( *क्र. 279 ) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन हैं ? भवन विहीन केन्द्रों की संख्या विकासखण्डवार पृथक्-पृथक बतायें ? (ख) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के उक्त भवन विहीन केन्द्रों के लिए नया भवन कब तक स्वीकृत कर दिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : (क) कुल 205 आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) भवन विहीन केन्द्रों के लिए नये भवनों की स्वीकृति की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

दुर्ग जिले की शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

6. ( *क्र. 127 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजनान्तर्गत पत्र क्रमांक 1054/भवन/पी. एम. जी.-1/पी. एम. जी.-1/2005-06/74/रायपुर, दिनांक 07-02-2006 के अनुसार दुर्ग जिले की शालाओं में अतिरिक्त कक्ष हेतु रुपए 1.50 लाख प्रति कक्ष के मान से स्वीकृत किए गए हैं ? यदि हां, तो स्कूल के नाम बतावें ? (ख) क्या बिना वित्त विभाग की अनुमति के वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद दिनांक 07-02-2006 के आदेश के आधार पर दिनांक 12-07-2006 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग द्वारा अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु आदेश जारी किया गया ? (ग) यदि हां, तो जिला पंचायत, दुर्ग एवं जनपद पंचायतों में कब प्रस्ताव पारित किए गए ? तिथि एवं एजेन्डा बताने का कष्ट करें तथा किन-किन जनपद पंचायतों के किन-किन ग्रामों में अतिरिक्त कमरा हेतु राशि स्वीकृत किए गए ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेधाराम साहू ) : (क) जी हां. †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) दिनांक 22-3-2006 को राशि आहरित की गई थी. तकनीकी स्वीकृति पश्चात् निर्माण कार्य के आदेश दिनांक 12-7-2006 को 06 विद्यालयों के लिए दिए गए. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) जी नहीं. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध की गई कार्यवाही

7. ( *क्र. 270 ) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2006-07 में किन-किन स्थानों से अवैध शराब बिक्री के कितने मामले सामने आए ? (ख) प्रश्नांश "क" के अंतर्गत इन मामलों में कौन दोषी है, तथा इनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? (ग) बेमेतरा विधान सभा अंतर्गत उक्त अवधि में कितने देशी/विदेशी शराब दुकानों एवं उप दुकानों का स्थल परिवर्तन किया गया ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रश्नांकित अवधि में अवैध शराब विक्रय का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) केवल देशी शराब दुकान बेमेतरा का उसी वार्ड (क्षेत्र) में स्थल परिवर्तन किया गया है.

† परिशिष्ट "दो"                †† परिशिष्ट "तीन"

प्रदेश में अवैध शराब बिक्री के दर्ज प्रकरणों पर की गई कार्यवाही

8. ( *क्र. 291) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में अवैध शराब विक्रय के कितने प्रकरण दर्ज हुए ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) क्या यह सत्य है कि बिलासपुर जिले में अवैध शराब बिक्री को पकड़ने हेतु प्रदेश शासन के मंत्री द्वारा छापामारी की कार्यवाही की गई थी ? यदि हां, तो किसके द्वारा एवं कब ? (ग) प्रश्नांश ''ख'' के संबंध में बतावें कि छापामारी के दौरान अवैध शराब बिक्री करते पकड़े गए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : जानकारी ¹ संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) जी नहीं. अतएव प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) प्रश्नांश ''ख'' के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में निर्माण एवं गंदे पानी की आपूर्ति

9. ( *क्र. 255) **मोहम्मद अकबर :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि अब्दुल हमीद वार्ड मौदहापारा रायपुर में सामुदायिक भवन एवं परिषद् विकास कार्य हेतु 20 लाख की स्वीकृति संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक-7318, दिनांक 25-08-2003 के द्वारा प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो क्या राशि प्रदान करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ख) क्या प्रश्नकर्ता द्वारा नगर निगम आयुक्त को लिखे गए पत्र दिनांक 27-10-2006 के आधार पर कार्यवाही पूर्ण करा दी गई है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. 10 लाख रुपये प्रदान किये गये थे. नगर निगम के द्वारा निविदा आमंत्रित कर ''एम. आई. सी.'' की बैठक दिनांक 04-07-2005 में स्वीकृति प्राप्त कर ली गई. राशि का मिलान न होने से कार्य पूरा नहीं हो सका. (ख) माननीय विधायक के द्वारा अपने पत्र दिनांक 27-10-2006 के द्वारा अब्दुल हमीद वार्ड में स्थित मौदहापारा के नलों से गंदे पानी के बहाव की शिकायत पुरानी जलवाहिनी को बदलकर नई जलवाहिनी को बदलने से संबंधित है. इसके लिए नगर निगम के द्वारा दिनांक 30-10-2006 को कार्यादेश जारी किया गया है. कार्य प्रगति पर है एवं दिनांक 30-11-2006 तक पूर्ण कर लिया जायेगा.

प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में ''पोषण आहार'' की आपूर्ति

10. ( *क्र. 153) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय, यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-2006 में राज्य में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र/नारी निकेतन स्थापित करने का निर्णय लिया गया. इनमें कितने प्रारंभ हो चुके हैं ? शेष कब तक प्रारंभ होंगे ? (ख) कंडिका-''क'' के संचालन हेतु ''पोषण आहार'' सप्लाई का दायित्व निर्वहन किसके द्वारा किया जा रहा है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : (क) 9148 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति जारी की गयी. प्रश्नाधीन अवधि में नवीन नारी निकेतन स्थापित करने का निर्णय नहीं लिया गया है. नवीन स्वीकृत अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 3190 आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ किये जा चुके हैं. शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्रारंभ किये जाने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है. (ख) कंडिका ''क'' में उल्लेखित प्राप्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार सप्लाई का दायित्व निर्वहन प्रचलित व्यवस्था अनुसार जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिले के लिए अनुबंधित प्रदायकर्ता से क्रय कर किया जा रहा है.

खेरथा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत जनभागीदारी द्वारा संचालित स्कूलों की संख्या

11. ( *क्र. 71) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खेरथा विधान सभा क्षेत्र में जनभागीदारी द्वारा कितने हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूल संचालित हैं ? (ख) क्या जनभागीदारी से संचालित इन स्कूलों का शासकीयकरण किया जाएगा ? (ग) यदि हां, तो कब तक ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) 05 हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा 07 हाईस्कूल जनभागीदारी अंतर्गत संचालित हैं. (ख) जी नहीं. (ग) शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

¹ परिशिष्ट ''चार''

राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

12. ( *क्र. 43) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय, यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं ? ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अलग-अलग जानकारी प्रदान करें ? (ख) संचालित आंगनबाड़ियों में कितने आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं ? ग्रामीण एवं शहरवार जानकारी देवें? (ग) संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवम् सहायिका विहीन हैं ? शहर एवं ग्रामीणवार अलग-अलग जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : (क), (ख) एवं (ग) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

खैरागढ़ नगर पंचायत के इतवारी बाजार क्षेत्र में पक्के निर्माण संबंधी

13. ( *क्र. 18) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला राजनांदगांव के खैरागढ़ नगर पंचायत के इतवारी बाजार क्षेत्र में सितम्बर 2005 में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के स्थल निरीक्षण के दौरान उक्त क्षेत्र में किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किये जाने के आदेश जारी किये थे ? यदि हां, तो माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अनुशंसा के उपरांत भी खैरागढ़ नगर पंचायत द्वारा उक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निर्माण कार्य किन-किन अधिकारियों की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत किये गये ? (ख) क्या यह सही है कि उक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा किया गया निर्माण अगस्त 2006 की बाढ़ में पूर्ण रूप से ध्वस्त एवं जीर्ण-शीर्ण हो गया ? यदि हां तो उक्त शासकीय धन के दुरूपयोग हेतु कौन-कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं ? दोषी अधिकारियों के विरुद्ध शासन क्या कार्यवाही करेगा ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी नहीं. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से इतवारी बाजार में निर्माणाधीन व्यवसायिक परिसर के 8 दुकानों में से 2 दुकानों की दीवाल प्रभावित हुई है किन्तु उक्त सभी दुकानों के कालम, बिम, स्लेब को क्षति नहीं पहुंची है. जांच कराई जाकर जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी.

बिलासपुर नगर निगम के अंतर्गत ओमनगर पहुंच मार्ग का निर्माण

14. ( *क्र. 92) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर नगर निगम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 जरहाभाठा (बढ़ई चाल के बाजू से) से ओमनगर पहुंच मार्ग निर्माण की स्वीकृति कब दी गई है ? निर्माण लागत कितनी है ? (ख) क्या उक्त सड़क निर्माण का ठेका हो चुका है ? यदि हां, तो किसे और कब दिया गया है ? क्या निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) बिलासपुर नगर निगम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200, जरहाभाठा ( बढ़ई चाल के बाजू से) से ओमनगर में पी.सी.लाल के भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण हेतु प्रथम बार स्वीकृति वर्ष 2003-04 में दी गई है. पुनरीक्षित स्वीकृति वर्ष 2006-07 में दिनांक 19-6-2006 को दी गई है. कार्य की अनुमानित लागत 8.27 लाख है. (ख) जी हां. प्रश्नाधीन सड़क के निर्माण हेतु कार्यादेश, दिनांक 28-6-2006 को मे. राधा इंटरप्राइजेस को दिया गया है. निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

केन्द्र सरकार के जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत शामिल शहरों के लिए केन्द्र से प्राप्त राशि

15. ( *क्र. 250) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केन्द्र सरकार के जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत प्रदेश के किन-किन शहरों को शामिल किया गया है ? (ख) प्रश्नांश (क) में शामिल शहरों के लिए 31-10-2006 की स्थिति में कितने के प्रोजेक्ट तैयार कर भारत सरकार को भेजे गए हैं तथा अब तक कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है ? (ग) रायपुर नगर निगम द्वारा किन-किन कार्यों के लिए योजना प्रस्तावित है तथा अब तक उसमें से कितनी स्वीकृति प्राप्त हुई है ?

---

† परिशिष्ट "पांच"

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जे.एन.एन.यू.आर.एम. के अंतर्गत राजधानी रायपुर को लिया गया है. (ख) 31-10-2006 की स्थिति में निम्न प्रोजेक्ट तैयार कर भारत सरकार को भेजे गए हैं :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शहरी गरीबों हेतु मूलभूत सुविधायें BSUP | 20.00 करोड़ रुपये |
| 2. | तालाबों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण | 6.50 करोड़ रुपये |
| 3. | क्षेत्रीय बस स्टैण्ड आमानाका का निर्माण | 2.29 करोड़ रुपये |
| 4. | नाली निर्माण | 13.10 करोड़ रुपये |
| 5. | आवासीय क्षेत्रों से डेयरी का स्थानांतरण | 10.59 करोड़ रुपये |
| 6. | जल प्रदाय योजना | 325.00 करोड़ रुपये |
| | **कुल** | **377.48 करोड़ रुपये** |

इनमें से जलप्रदाय योजना हेतु केन्द्र शासन से 303.60 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है. (ग) शहर विकास योजना (CDP) के अनुसार 7 वर्षों (मिशन पीरियड) के लिये रायपुर नगर निगम के द्वारा निम्न कार्यों के लिए 1213.62 करोड़ की योजना प्रस्तावित है :—

| | **मद** | **अनुमानित राशि** |
|---|---|---|
| 1. | जल प्रदाय | 374.83 करोड़ रुपये |
| 2. | सीवरेज एवं सैनीटेशन | 132.07 करोड़ रुपये |
| 3. | नाली निर्माण | 110.37 करोड़ रुपये |
| 4. | रोड एवं ट्रांसपोर्ट | 275.00 करोड़ रुपये |
| 5. | डेयरी का विस्थापन | 28.69 करोड़ रुपये |
| 6. | गंदी बस्ती विकास | 232.00 करोड़ रुपये |
| 7. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 60.66 करोड़ रुपये |

इन योजनाओं में से जलप्रदाय परियोजना के लिये 303.60 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है.

## महासमुन्द जिले के जिला कार्यालयों को प्राप्त क्रीड़ा एवं स्काउट शुल्क

16. ( *क्र. 190) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के जिला कार्यालय को सत्र 2006-07 में 31 अक्टूबर, 2006 की स्थिति में क्रीड़ा पंजीयन, क्रीड़ा अंशदान, स्काउट पंजीयन, अंशदान की कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? विकासखंडवार बताएं ? (ख) 31 अक्टूबर, 2006 तक उक्त राशि में से कितना व्यय किया गया, अलग-अलग बताएं ? (ग) छात्र-संख्या और निर्धारित दर के आधार पर किन-किन विकासखंडों में राशि अप्राप्त है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र (अ) पर है. (ख) राशि रुपए 105928.00 व्यय किया गया. विवरण निम्नानुसार है :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | खेल सामग्री | - | 12343/- |
| 2. | गणवेश | - | 17000/- |
| 3. | जिलास्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन. | - | 23400/- |
| 4. | क्षेत्रीय प्रतियोगिता में जिले के बच्चों को भोजन भत्ता एवं यात्रा भत्ता वितरण. | - | 53185/- |
| | | **योग** | **105928/-** |

(ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र (ब) पर है.

† परिशिष्ट "छ:"

जांजगीर शहर के गंदे पानी की निकासी

17. ( *क्र. 220 ) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला द्वारा अपने पत्र क्र. 338 दिनांक 29-8-2005 द्वारा शहर के गंदे पानी की निकासी को भीमा तालाब से अलग करने बाबत् प्रस्ताव आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जांजगीर द्वारा भेजा गया था ? यदि हां, तो इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : जी हां. विभाग के द्वारा वर्ष 2005-06 में निकाय से प्राप्त प्रस्तावों में से परीक्षणोपरांत प्राथमिकता के आधार पर नगर पालिका परिषद्, जांजगीर-नैला को राशि रुपये 299.51 लाख का आवंटन उपलब्ध कराया गया है. प्रस्ताव को वर्ष 2005-06 में अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि उपलब्ध न होने के कारण स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है.

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् भाटापारा को प्रदत्त राशि

18. ( *क्र. 284 ) **श्री चैतराम साहू :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) रायपुर जिले की नगर पालिका परिषद् भाटापारा को वर्ष 2004-05 से दिनांक 31-10-2006 तक किस-किस निर्माण कार्य ( नाम सहित ) हेतु कब-कब कितनी-कितनी राशि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदाय की गई है ? ( ख ) क्या प्रदाय राशि से निर्माण कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं ? यदि नहीं, तो किस स्तर पर किन कारणों से लंबित है, कब तक पूर्ण करा लिये जावेंगे ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' पर है. ( ख ) जी नहीं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ब'' पर है.

निर्धन कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाहों में अनियमितता

19. ( *क्र. 292 ) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) प्रदेश में निर्धन कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाहों का आयोजन कब-कब और कहां-कहां किया गया ? ( ख ) सामूहिक विवाह हेतु निर्धारित मापदण्ड क्या है ? ( ग ) क्या विभाग को निर्धन कन्या विवाह योजनांतर्गत हुये सामूहिक विवाहों के दौरान अनियमितताएं बरते जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थी ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ अनुसार है. ( ख ) निर्धन कन्या सामूहिक विवाह योजना हेतु निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :—

( 1 ) कन्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार की होनी चाहिए.

( 2 ) एक परिवार की अधिकतम दो कन्या लाभान्वित की जा सकेगी.

( 3 ) कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए.

( 4 ) कन्या प्रथम विवाह के लिए इस सहायता की पात्र होगी.

( 5 ) सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाली कन्या को ही उक्त सहायता की पात्रता होगी.

( 6 ) कन्या एवं उसके परिवार को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना चाहिए.

( 7 ) साक्षर कन्याओं को सहायता प्रदान करने में प्राथमिकता दी जायेगी.

( 8 ) कन्या को ''छत्तीसगढ़ निर्धन कन्या सामूहिक विवाह योजना नियम-2005'' अथवा अनुसूचित जाति तथा जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजनाओं में से किसी एक योजना के तहत् लाभ पाने की पात्रता होगी.

( ग ) जी हां. कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें की गयी कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-ब अनुसार है.

राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं सर्वशिक्षा अभियान के क्रियान्वयन में अनियमितता

20. ( *क्र. 154) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत किन-किन जिलों में कार्यक्रम संचालित हैं ? वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में आवंटित राशि का भी ब्यौरा दें ? (ख) क्या, कंडिका ''क'' के कार्यक्रम एन.जी.ओ. से भी संचालित हैं ? अगर हां, तो कहां-कहां ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र-अ पर है. (ख) जी हां. शेषांश की जानकारी † संलग्न प्रपत्र-ब पर है.

राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों की संख्या

21. ( *क्र. 42) **श्री उदय मुदलियार :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में गरीबी रेखा के अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की संख्या कितनी हैं एवम् कुल कितनी सदस्य संख्या है ? उक्त नगर निगम द्वारा अंत्योदय योजना एवम् 3 रु. प्रति किलो की दर से चांवल देने की योजना के तहत कितने परिवारों को लाभ दिया जा रहा है ? (ख) नगर निगम द्वारा गरीबी रेखा के नीचे सर्वेक्षित कितने परिवारों को गरीबी रेखा के तहत राशन कार्ड जारी किये गए हैं तथा कितने को नहीं ?

**वित्त मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) नगर पालिक निगम क्षेत्र में गरीबी रेखा के अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 16254 है एवं इन परिवारों में कुल सदस्यों की संख्या लगभग 82895 है. 1584 परिवारों को. (ख) नगर पालिक निगम द्वारा गरीबी रेखा के नीचे सर्वेक्षित 3369 परिवारों को राशन कार्ड जारी किये गये हैं. शेष 12885 परिवारों को कार्ड प्रदान नहीं किया गया है.

---------

† परिशिष्ट ''सात''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 283) के भाग (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

वर्ष 2006-07 में स्वीकृत राशि एवं प्राप्त राशि का विवरण

| क्र. | मद का नाम | स्वीकृत राशि (राशि लाख में) | उपलब्ध कराई गई राशि (राशि लाख में) | प्रदाय दिनांक | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | वेतन शिक्षा कर्मी वर्ग-3 | 1.000 | 0.000 | | |
| 2. | वेतन चौकीदार कम कुक | 0.360 | 0.090 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 3. | भोजन व्यवस्था | 1.200 | 0.300 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 4. | विद्युत पंखा, पानी व्यवस्था | 0.460 | 0.115 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 5. | यूनीफार्म | 0.200 | 0.200 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 6. | कंटीजेंसी | 0.100 | 0.025 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 7. | अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय | 2.500 | 1.250 | 29-7-06 | आर. ई. एस. को प्रदाय |
| 8. | गद्दा, तकिया, रजाई व्यवस्था | 0.750 | 0.450 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| 9. | पेट्रो मेक्स, इमरजेंसी लाइट, पंखा | 0.060 | 0.060 | 15-7-06 | बी. आर. सी. सी. को प्रदाय |
| | योग | 6.630 | 2.490 | | |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक | क्रय सामग्री का नाम | क्रय दिनांक | फर्म का नाम | दर प्रति नग (रु.) | नग | कुल राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | गद्दा, बेडशीट, तकिया (सेट) | 14-07-06 | गनी रूई भण्डार भाटापारा | 1175.000 | 30.000 | 35250.000 |
| 2. | शाला गणवेश | 14-07-06 | गनी रूई भण्डार भाटापारा | 400.000 | 50.000 | 20000.000 |
| 3. | ट्यूब लाईट | 08-07-06 | मोदी इलेक्ट्रानिक्स भाटापारा | 150.000 | 6.000 | 900.000 |
| 4. | इमरजेंसी लाईट | 08-07-06 | मोदी इलेक्ट्रानिक्स भाटापारा | 490.000 | 1.000 | 490.000 |
| 5. | पंखा | 12-07-06 | मोदी इलेक्ट्रानिक्स भाटापारा | 1050.000 | 4.000 | 4200.000 |
| | | | | | | 60840.000 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 279) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | भवनविहिन आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | नवागढ़ | 100 |
| 2. | पामगढ़ | 84 |
| 3. | बम्हनीडीह | 21 |
| | योग | 205 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 127) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. (1) | जिले का नाम (2) | शाला का नाम (3) | विकासखण्ड (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | दुर्ग | प्राथमिक शाला झलमला | बालोद |
| 2. | दुर्ग | पूर्व माध्यमिक शाला झलमला | बालोद |
| 3. | दुर्ग | प्राथमिक शाला ढोड़की | धमधा |
| 4. | दुर्ग | प्राथमिक शाला जोगीगुफा | धमधा |
| 5. | दुर्ग | प्राथमिक शाला कोली (गाड़ाडीह) | धमधा |
| 6. | दुर्ग | प्राथमिक शाला टेमरी | धमधा |
| 7. | दुर्ग | प्राथमिक शाला बोरी | धमधा |
| 8. | दुर्ग | प्राथमिक शाला फुण्डा | धमधा |
| 9. | दुर्ग | प्राथमिक शाला टेकापार | धमधा |
| 10. | दुर्ग | प्राथमिक शाला पोटियाँ (हिर्री) | धमधा |
| 11. | दुर्ग | प्राथमिक शाला पुरदा | धमधा |
| 12. | दुर्ग | प्राथमिक शाला देलवा | धमधा |
| 13. | दुर्ग | प्राथमिक शाला भोथली | पाटन |
| 14. | दुर्ग | प्राथमिक शाला मरघटा | पाटन |
| 15. | दुर्ग | प्राथमिक शाला झीट | पाटन |
| 16. | दुर्ग | प्राथमिक शाला खुड़मुड़ा | पाटन |
| 17. | दुर्ग | प्राथमिक शाला उफरा | पाटन |
| 18. | दुर्ग | प्राथमिक शाला तर्रा | पाटन |
| 19. | दुर्ग | प्राथमिक शाला सांकरा | पाटन |
| 20. | दुर्ग | प्राथमिक शाला आमालोरी | पाटन |
| 21. | दुर्ग | प्राथमिक शाला बोहारडीह | पाटन |
| 22. | दुर्ग | प्राथमिक शाला महुदा | पाटन |
| 23. | दुर्ग | प्राथमिक शाला कोपेडीह | पाटन |
| 24. | दुर्ग | प्राथमिक शाला पुष्वा (करसा) | पाटन |
| 25. | दुर्ग | प्राथमिक शाला रवेली (राखी) | पाटन |
| 26. | दुर्ग | पूर्व माध्यमिक शाला महुदा | पाटन |
| 27. | दुर्ग | पूर्व माध्यमिक शाला पुष्वा (करसा) | दुर्ग |
| 28. | दुर्ग | प्राथमिक शाला खेदामारा | दुर्ग |
| 29. | दुर्ग | प्राथमिक शाला दौर | दुर्ग |
| 30. | दुर्ग | प्राथमिक शाला कन्या ननकट्ठी | दुर्ग |
| 31. | दुर्ग | प्राथमिक शाला कन्या सिरसा खुर्द | दुर्ग |
| 32. | दुर्ग | पूर्व माध्यमिक शाला मेहना | नवागढ़ |
| 33. | दुर्ग | पूर्व माध्यमिक शाला अमलेश्वर | पाटन |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 291) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | जिले का नाम | अवैध शराब विक्रय के प्रकरणों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 (माह अक्टूबर, 2006 तक) |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | रायपुर | 01 | - |
| 2. | दुर्ग | - | - |
| 3. | राजनांदगांव | - | - |
| 4. | धमतरी | - | 01 |
| 5. | महासमुंद | - | - |
| 6. | कवीरधाम | - | - |
| 7. | बस्तर | 2 | - |
| 8. | कांकेर | 17 | 12 |
| 9. | दंतेवाड़ा | - | - |
| 10. | बिलासपुर | - | - |
| 11. | जांजगीर-चांपा | 01 | 03 |
| 12. | कोरबा | 150 | 129 |
| 13. | रायगढ़ | 109 | 142 |
| 14. | जशपुर | - | - |
| 15. | कोरिया | - | - |
| 16. | सरगुजा | - | - |
| | योग | 280 | 287 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 43) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांगत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र | | | राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में भवन विहिन आंगनबाड़ी केन्द्र | | | राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद वाले केन्द्र | | | राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद वाले केन्द्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र | योग | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र | योग | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र | योग | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
| 1. | 61 | 0 | 61 | 22 | 0 | 22 | 03 | 0 | 03 | 05 | 0 | 05 |

परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 190) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| स. क्र. | वि. ख. का नाम | प्राप्त क्रीड़ा पंजी. राशि | प्राप्त अंशदान की राशि | प्राप्त स्का. पंजी. राशि | प्राप्त स्का. अंशदान राशि | क्रीड़ा पंजी. व अंशदान द्वारा प्राप्त की गई राशि | स्का. पंजी. व अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | बागबाहरा | निरंक | 82618=00 | निरंक | निरंक | 82618=00 | निरंक |
| 2. | पिथौरा | निरंक | 9860=00 | निरंक | निरंक | 9860=00 | निरंक |
| 3. | महासमुंद | निरंक | 13450=00 | निरंक | निरंक | 13450=00 | निरंक |
| योग | - | - | 105928=00 | - | - | 105928=00 | - |

प्रपत्र - "ब"

| स. क्र. | वि. ख. का नाम | शाला का स्तर | छात्र संख्या | अप्राप्त राशि निर्धारित दर | अप्राप्त राशि 25 प्रतिशत | अप्राप्त राशि 20 प्रतिशत | अप्राप्त राशि 45 प्रतिशत | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महासमुन्द | पू. मा. शाला | 13673 | 20 | 68365 | 54692 | 123057 | |
| | | हाईस्कूल | 5477 | 30 | 41077 | 32862 | 73939 | |
| | | हायर सेकण्डरी | 2801 | 50 | 35012 | 28010 | 63022 | |
| | | योग | 21951 | | 144454 | 115564 | 260018 | |
| 2. | पिथौरा | पू. मा. शाला | 11765 | 20 | 58825 | 47060 | 105885 | |
| | | हाईस्कूल | 4577 | 30 | 34327 | 27462 | 61789 | |
| | | हायर सेकेण्डरी | 2011 | 50 | 25137 | 20110 | 45247 | |
| | | योग | 18353 | | 118289 | 94632 | 212921 | |
| 3. | बसना | पू. मा. शाला | 10329 | 20 | 51645 | 41316 | 92961 | |
| | | हाईस्कूल | 5461 | 30 | 40958 | 32766 | 73724 | |
| | | हायर सेकेण्डरी | 1453 | 50 | 18162 | 14530 | 32692 | |
| | | योग | 17243 | | 110765 | 88612 | 199377 | |
| 4. | सराईपाली | पू. मा. शाला | 9645 | 20 | 48225 | 38580 | 86805 | |
| | | हाईस्कूल | 3579 | 30 | 26842 | 21474 | 48316 | |
| | | हायर सेकेण्डरी | 1622 | 50 | 20275 | 16220 | 36495 | |
| | | योग | 14846 | | 95342 | 76274 | 171616 | |
| | योग | पू. मा. शाला | 45412 | 20 | 227060 | 181648 | 408708 | |
| | | हाईस्कूल | 19094 | 30 | 143204 | 114564 | 257768 | |
| | | हायर सेकेण्डरी | 7887 | 50 | 98586 | 78870 | 177456 | |
| | | महायोग | 72393 | | 468850 | 375082 | 843932 | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 154) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

राज्य परियोजना कार्यालय राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़ रायपुर

**वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में आवंटित राशि का जिलेवार विवरण**

(राशि लाखों में)

| स. क्र. | जिले का नाम | सत्र 2005-06 आवंटित राशि | सत्र 2006-07 आवंटित राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | बस्तर | 3350.00 | 4020.00 |
| 2. | बिलासपुर | 2950.00 | 3665.00 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 2000.00 | 3050.00 |
| 4. | धमतरी | 1150.00 | 880.00 |
| 5. | दुर्ग | 2700.00 | 2520.00 |
| 6. | जांजगीर-चांपा | 2350.00 | 2140.00 |
| 7. | जशपुर | 1300.00 | 1560.00 |
| 8. | कांकेर | 1550.00 | 1470.00 |
| 9. | कवर्धा | 1350.00 | 1300.00 |
| 10. | कोरबा | 1550.00 | 1230.00 |
| 11. | कोरिया | 700.00 | 1125.00 |
| 12. | महासमुन्द | 1250.00 | 995.00 |
| 13. | रायगढ़ | 1500.00 | 1560.00 |
| 14. | रायपुर | 4850.00 | 4275.00 |
| 15. | राजनांदगांव | 1500.00 | 1610.00 |
| 16. | सरगुजा | 3450.00 | 4400.00 |
| | योग | **33500.00** | **35800.00** |

प्रपत्र "ब"

**एन. जी. ओ. द्वारा संचालित कार्यक्रम की जानकारी**

| स. क्र. (1) | जिले का नाम (2) | संचालित कार्यक्रम का नाम (3) | वर्ष 2005-06 (4) | वर्ष 2006-07 (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरगुजा | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 2. | कोरिया | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 3. | बिलासपुर | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 4. | रायपुर | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | संचालित |
| 5. | धमतरी | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 6. | दुर्ग | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 7. | कवर्धा | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 8. | कांकेर | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 9. | रायगढ़ | वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा केन्द्रों का संचालन | संचालित | नहीं है |
| 10. | महासमुन्द | शौचालय निर्माण कार्य | संचालित | वर्ष 2005-06 में स्वीकृत कार्य पूर्ण किये जा रहे हैं. |